

प्रकाशक/स्वामीत्व
रजनी (पुत्री-महेश धावनिया)

डाक पंजियन संख्या : JaipurCity/423/2017-19

# श्री बाबा



नववर्ष
की हार्दिक
शुभकामनाऐं।
- सम्पादक

प्रधान कार्यालय-सी-57, महेश नगर, जयपुर-15, मो.-9928260244 हिन्दी मासिक समाचार पत्र 7073909291 E-mail:shreebaba_2008@yahoo.com

वर्ष : 11 अंक : 11 आर.एन.आई. नं. : RAJHIN/2008/24962 जयपुर, 5 जनवरी, 2019 मूल्य : 5 रुपए प्रति पृष्ठ : 4




## बैरवा दिवस समारोह म.प्र. व दिल्ली सहित देश में धूमधाम से मनाया

# राजस्थान के अनेकों शहरों में हुये कार्यक्रम

**बैरवा समाज के सन्त महर्षि बालीनार्थ जी महाराज के 149वीं जयन्ती 31 दिसम्बर 2018 को प्रदेश के कोटा, बूंदी, झलावाड़, बारा, सवाईमाधोपुर, दौसा, भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक, सिरोही, चित्तौड़ व जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में बैरवा दिवस के रूप में मनाया गया।**

**जयपुर।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा शाखा जयपुर की ओर से महर्षि बालिनाथ जयंती/बैरवा दिवस संपन्न हुआ। शोभायात्रा में रथ में महर्षि बालीनाथ महाराज एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो सजाकर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। मुख्य अथिति हरिनारायण बैरवा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया।

अध्यक्षता कजोड़मल बैरवा, प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने की। अति विशिष्ट अतिथि अशोक बैरवा पूर्व कैबिनेट राज्य मंत्री थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बी.एल. बैरवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रेलवे, ओमप्रकाश बैरवा निदेशक स्टेटिक्स डिपार्टमेंट, रामनिवास बैरवा पार्षद, पंकज कुमार धावनिया अध्यक्ष सचिवालय कर्मचारी संघ एवं बैरवा महासभा के पदाधिकारी रोडुराम सुलानिया, मोहन प्रकाश बैरवा, शान्ति स्वरूप बंशीवाल, हरीश माचीवाल, ओमप्रकाश कुवाल, ललित लोदिया, श्यामलाल बैरवा (केकड़ी), बुद्धिप्रकाश बैरवा, प्रभातीलाल बैरवा, श्रीनारायण चन्द्रवाल इत्यादि ने शिरकत की।



जयपुर में बैरवा दिवस समारोह में विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री श्री अशोक बैरवा शिरकत करते हुए।

# हमारा पहला काम हमारी जाति के लिए होगा: ममता भूपेश

**रैणी (अलवर)।** रैणी में आयोजित बैरवा दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ममता भूपेश ने कहा- जहां भी आपको मेरी जरूरत होगी, मैं पीठ नहीं दिखाऊंगी।



हमारा पहला काम हमारी जाति के लिए होगा, इसके बाद हमारे समाज के लिए, फिर सर्वसमाज के लिए होगा। मंत्री का यह बयान चर्चा का विषय बन गया। हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति जो राजस्थान के अंदर जी रहा है, सम्मान से जिए। हम चाहते हैं सबके लिए काम हो।

## बालीनाथ जी महराज बैरवा समाज ने निकाली शोभायात्रा

**बस्सी।** गंगाधाम कॉलोनी स्थित भैंरूजी महाराज मन्दिर पर बाबा बालीनाथ महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पण कर शोभयात्रा रवाना की गई। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुन: मन्दिर परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। **(शेष पृष्ठ 2 पर)**



## बैरवा समाज के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह 12 जनवरी को

**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था की ओर से दिनांक 12 जनवरी, 2019 को कृष्णा पैराडाईज गार्डन, कुम्भा मार्ग, टोंक रोड, जयपुर पर प्रात: 10 बजे राजस्थान में नवनिर्वाचित बैरवा समाज के विधायकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।

संस्था के अध्यक्ष महेश धावनिया ने बताया कि इस अवसर पर सुप्रसिद्ध राजस्थानी लोक नृत्य कलाकार कोकिला परमार के नेतृत्व राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही समाज के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा।

इस मौके पर कार्यक्रम के अन्त में पौषबड़ा प्रसादी का भी आयोजन किया जायेगा।

# राज्यपाल ने 13 केबिनेट एवं 10 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई




राज्यपाल श्री कल्याण सिंह राजभवन में श्रीमती ममता भूपेश को राज्य मंत्री के पद की शपथ दिलाते हुए।

**जयपुर।** राज्यपाल श्री कल्याण सिंह ने राजभवन में आयोजित समारोह में 13 केबिनेट एवं 10 राज्य मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत और मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता ने शपथ दिलाने के लिए राज्यपाल से आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने मनोनीत मंत्रियों को शपथ दिलाने के लिए नाम पुकारे। राज्यपाल श्री सिंह ने श्री बी.डी. कल्ला, श्री शांति कुमार धारीवाल, श्री परसादीलाल मीणा, मास्टर भंवरलाल मेघवाल, श्री लालचन्द कटारिया, डॉ. रघु शर्मा, श्री प्रमोद जैन भाया, श्री विश्वेन्द्र सिंह, श्री हरीश चौधरी **(शेष पृष्ठ 2 पर)**

# पहली बार उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को टोंक पहुंचने पर भव्य स्वागत

**टोंक।** उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पहली बार टोंक आए तो उनके स्वागत में हजारों कांग्रेसियों उमड़ पड़े। शहर से जुलसू के रूप् में देवली रोड स्थित गार्डन पर कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे पायलट ने कहा कि गुरुर और घमंड सरकार की विदाई हुई है अब जनता की सरकार बनी है। जनता से संवाद कर घोषणा पत्र में किए वादे प्राथमिकता से पूरे करेंगे। टोंक समेत प्रदेश का विकास होगा। लोगों ने कांग्रेस की सरकार बनाकर जो विश्वास हम पर किया है उस पर खरा उतरेंगे। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आशा पूरी करने का प्रयास करेंगे। कार्यकर्ता लोक सभा चुनावों के लिए तैयार रहे। जनता प्रदेश की तरह केंद्र में **(शेष पृष्ठ 2 पर)**



निवाई विधायक प्रशान्त बैरवा उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का टोंक पधारने पर स्वागत करते हुए।

# बैरवा युवक-युवती परिचय स्मारिका का विमोचन 12 जनवरी को

## कार्यक्रम स्थल पर स्मारिका का नि:शुल्क वितरण



प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के ओर पिछली परिचय स्मारिका का विमोचन करते पूर्व सांसद अश्क अली टांक, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रतापसिंह खाचरियावास, विधायक प्रेमचन्द बैरवा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रशान्त बैरवा एवं समारिका के प्रधान सम्पादक व संस्था अध्यक्ष महेश धावनिया व अन्य समाज बन्धु।

**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के ओर से बैरवा युवक-युवति तृतीय परिचय स्मारिका का विमोचन दिनांक 12 जनवरी, 2019 को कृष्णा पैराडाईज गार्डन, कुम्भा मार्ग, टोंक रोड, जयपुर पर प्रात: 10 बजे बैरवा समाज के नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा विमोचन किया जायेगा। इस अवसर पर परिचय स्मारिका का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।


## समाचार विज्ञापन संकलन

**श्री बाबा समाचार पत्र की प्रकाशन तिथि प्रत्येक माह की 5 तारीख है। अत: समाचार एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन के लिए विज्ञप्ति, फोटो आदि सामग्री माह की 20 तारीख तक पूर्ण विवरण के साथ भिजवा दें। सम्पर्क करें:**

**श्री बाबा** whatsapp 7073909291

सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15

मो.-9928260244 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com

सम्पादकीय

## नये वर्ष में उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 51वें और इस वर्ष के अंतिम ''मन की बात' में वर्ष 2018 की जो उपलब्धियां गिनाई, उनसे सहमत-असहमत होने के अनेक कारण हो सकते हैं। किंतु इनकार नहीं किया जा सकता कि इसमें देश का आत्मविास बढ़ाने का भाव सबसे प्रबल है। 2018 में ऐसी अनेक घटनाएं हुई जो चिंतित और भयभीत करती हैं। जैसे भीड़ का कानून हाथ में लेना या राजनीतिक विमर्श का निचले स्तर पर आ जाना। बावजूद इसके भारत के हिस्से अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियां और गौरव के भी अनेक प्रसंग इस वर्ष आए, जिनसे 2019 के लिए उम्मीदें बढ़ती हैं। प्रधानमंत्री ने यही बताने की चेष्टा की। इस संदर्भ में जिन कदमों या घटनाओं का उल्लेख किया वे सच तो हैं। मसलन, 2018 में विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना ''आयुष्मान भारत' की शुरु आत हुई, देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा ''स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' देश को मिली, हर गांव तक बिजली पहुंची, व्यापार सुगमता सूचकांक में भारत ने ऊंची छलांग लगाई, लालकिले से पहली बार आजाद हिंद सरकार की 75वीं वर्षगांठ पर तिरंगा फहराया गया, देश संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार ''चैंपियंस ऑफ द अर्थ' से सम्मानित हुआ, वाराणसी में गंगा नदी पर भारत के पहले बहुआयामी टर्मिनल व सिक्किम के पहले हवाईअड्डे की शुरु आत हुई..। इसी तरह खेल के क्षेत्र में भी भारत के खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों से लेकर पैरा एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया, क्रि केटरों ने भी निराश नहीं किया। हम जब नकारात्मक होकर विचार करते हैं, तो अपनी उपलब्धियां ओझल हो जाती हैं। जो हमारी कमियां हैं, जिनमें हम सफल नहीं रहे, जो वाकई चिंताजनक पहलू हैं। उनको ठीक करने की कोशिश तो नये वर्ष में हमें जारी रखना ही है, परंतु इसके साथ राष्ट्र के रूप में हमारी जो कुछेक उपलब्धियां रहीं उनको भी नजरअंदाज नहीं करना है। प्रेरणा और विास इसी से प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री ने यही कहा है कि चाहे यह किसी एक का जीवन हो या राष्ट्र का, हमें पीछे और आगे दोनों ओर देखने की सलाह दी जाती है, जिससे कि हम अपनी गलतियों से सबक सीखकर आगे बढ़ने का आत्मविास प्राप्त करते हैं। तो 2018 के अंत और 2019 की शुरु आत के साथ हमारे सामने दोनों पक्ष हैं, और इनको लेकर ही हमें आगे बढ़ना है। नये वर्ष में उम्मीद यही बनी रहनी चाहिए कि हम सफलताओं और उपलब्धियों के नये मुकाम हासिल करेंगे और हमारे राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा।

### सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता

100 रुपए

**विशिष्ट द्विवार्षिक सदस्यता**

500 रुपए

साथ में पाएं दो वैवाहिक एवं एक क्लासीफाइड डिस्प्ले विज्ञापन बिल्कुल मुफ्त

**आजीवन सदस्यता**

2100 रुपए

**संरक्षक सदस्यता**

5100 रुपए

# युवा कारवां वाहक

*आज बाबा साहब के कारवां को आगे ले जाने का काम तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग विभिन्न संस्थानों के माध्यम से कर रहा है। इनकी कार्यशैली मंचीय है। मंचीय प्रोग्राम आवश्यक रूप से एक मार्गीय होते हैं। वक्ता भाषण देता है उस भाषण की प्रमाणिकता कभी सिद्ध नहीं होती। ताली बजती है, धन्यवाद ज्ञापित होता है और प्रोग्राम समाप्त।*

**गतांक से आगे**

मा.कांशीराम की प्रकिया का परिणाम हमारे सामने है। बामसेफ का आंतरिक कलह एवं प्रतिद्वंद्विता के कारण बिखरना तथा खत्म होने के परिणाम भी हमारे सामने हैं। आज बाबा साहब के कारवां को आगे ले जाने का काम तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग विभिन्न संस्थानों के माध्यम से कर रहा है। इनकी कार्य शैली मंचीय है। मंचीय प्रोग्राम आवश्यक रूप से एक मार्गीय होते हैं। वक्ता भाषण देता है उस भाषण की प्रमाणिकता कभी सिद्ध नहीं होती। ताली बजती है, धन्यवाद ज्ञापित होता है और प्रोग्राम समाप्त।

माना कि शब्दों में जादूगरी होती है परन्तु अगर उन शब्दों पर कभी अमल नहीं किया जाए तो वह केवल जादूगर का खेल होकर रह जाता है। इसका मतलब यह है कि हमारे द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। परंतु यह हमारे समाज की विडंबना है कि इसका आम आदमी (कर्मचारी को छोड़कर) घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहा हैं।

आम आदमी प्रेरित होकर सामाजिक कार्य करना शुरू करता है परंतु घर तथा खुद के भरण-पोषण की जिम्मेदारी के चलते साल-छ: महीने में घर बैठने पर मजबूर हो जाता है। कार्यकर्ता की जिम्मेदारी उठाना समाज का काम ही, परंतु एकता समाज खुद ही गरीब ही दूसरा जातियों में विखण्डित अत: यह बिना सामाजिकता का समाज है जो अपने ही मस्त रहता है। घूम-फिरकर कारवां को आगे ले जाने की, जिम्मेदारी कर्मचारी वर्ग पर आ जाती है। कर्मचारी वर्ग सर्विस नियम तथा स्वयं की कमजोरी के कारण सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका में नहीं कूदता। मूलनिवासी समाज इसी दुश्चक्र में फंसा हुआ है। अगर बाबा साहब के कारवां को आगे ले जाना है तो उसके लिए जरूरत है सच्चे एवं त्यागी सामाजिक कार्यकर्ता कीं।



क्या यह समाज ऐसे कार्यकर्ता पैदा कर पाएगा? परीक्षा है हमारे सामर्थ्य की जिस पर बाबा साहब ने संदेह जताया था। बाबा साहब ने हमारे कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया, परन्तु वह हमेशा धोखेबाजी के शिकार हुए। क्या हम सिद्ध कर पाएंगे अपने सामर्थ्य को? क्या हम बंद करेंगे धोखेबाजी? चुनाव आपको करना है। जहां तक मेरा सवाल है तो वह मैं दो वर्ष पूर्व कर चुका हूं। अन्त में मुझे पूरा यकीन है कि कारवां को आगे ले जाने के लिए युवा तैयार हो रहा है।

बहुत जल्दी ही यह आंधी छद्म अंबेडकरवादी, गद्दार, धोखेबाज एवं स्वार्थी लोगों को अपने साथ ले जाएगी। सही मायने में वही दिन हमारे लिए अंबेडकर जयन्ती होगी।

## वैवाहिक

### वर चाहिए

* अजमेर निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-एम.कॉम., बी.एड., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-नगवाडा, सिसोदिया, लालावत, लोड़तिया।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., गौत्र-गंगवाल, बंशीवाल, जीनवाल।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-टाटीवाल, मेहर, जीनवाल, सामने मिमरोट न हो।
* जयपुर निवासी (बलाई), 27 वर्ष, शिक्षा-बी.कॉम, एम.कॉम, पिता-बैंक अधिकारी, गौत्र-Ranghera, Narnolia, Rewadia, Naharwal. मो. 9414296277
* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., वर्तमान में प्राईवेट अध्यापक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-जारवाल, खोड़वाल, जोनवाल। मो. 9887732558
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एम.बी.बी.एस., एम.एस., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-उचैनिया, भीमवाल, रेवाडिया। मो. 9418173764
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-टाटीवाल, मेहर, जीनवाल, सामने मीमरोट ना हो। मो.-8104196500
* दौसा निवासी, 26 वर्ष (बाएं पैर से विकलांक), शिक्षा-बी.टेक., वर्तमान में जे.ई.एन., पी.एच.ई.डी. जयपुर, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-सेवारिया, कुवाल, बड़गोतिया, मो.-9414369867
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-एम.एस.सी., गौत्र-मीमरोठ, जाटवा, बंशीवाल, सामने लकवाल व मुराड़िया ना हो, मो. 7976069646
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-टाटीवाल, बड़गौती (लाड़ोतिया), जारवाल, सामने मेहर ना हो, मो. 8058613154
* बारां निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., एम.एस., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-मीमरोठ, जारवाल, सिवतिया
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.बी.ए, पीजीडीसीए पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-भूराहाड़िया, गोनावत, सिरोहिया, मो. 7597493946

### वधू चाहिए

* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी., वर्तमान में सब इंस्पेक्टर (सी.आई.एस.एफ.), पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-धावनिया, बड़गोती, गोठवाल, टटवाड़ी, मो. 7073909291
* जयपुर निवासी, 40 वर्ष, (विधुर) शिक्षा-5वीं पास, वर्तमान में ड्राईवर, गौत्र-सुलानियां, गोठवाल, कुण्डारा, टटवाड़ी।
* दौसा निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., वर्तमान में सरकारी अध्यापक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-बेण्डवाल, नागरवाल, जोरवाल, जारवाल, सामने लोदवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बीसीए, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-देवतवाल, जारवाल, भहरवाल, मो.-9950714872
* हनुमानगढ़ निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-10वीं पास, प्राईवेट सर्विस, गौत्र-बंशीवाल, चरावण्डिया, नीमरोठ
* जयपुर निवासी, 34 वर्ष, शिक्षा-बीए, एमए, निजी ज्वैलरी कार्य, गौत्र-जोनवाल, कुवाल, लोदवाल+जाटवा, मो.-9829542057
* जयपुर निवासी, 36 वर्ष, शिक्षा-बीए, एलएलबी, कर सलाहकार, गौत्र-जोनवाल, कुवाल, लोदवाल+जाटवा, मो.-9782199234
* जयपुर निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-दसवीं, बिग बाजार में ज्यूस की दुकान पर सर्विस, गौत्र-लोदवाल, गोठवाल, बीलवाल
* गंगापुरसिटी निवासी, 32 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., पिता-बैंक सेवा, गौत्र-लोदवाल, माली, बागोरिया, मो.-7073799722, 9530157307
* जयपुर निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-बी.सी.ए., वर्तमान में अशोक लीलैण्ड कम्पनी में अकाउंटेंट, पिता-निजी कार्य, गौत्र-गोठवाल, बड़ोदिया, नागरवाल, टाटीवाल, जाटवा, मीमरोठ, मो.-9950391188
* टोंक निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.बी.ए., एम.बी.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-आकोदिया, मेहरा, गोमलाडू।

विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क करें, **मो.: 9928260244**

## राज्यपाल ने 13 केबिनेट... ( पृष्ठ 1 का शेष )

श्री रमेश चन्द मीणा, श्री उदयलाल आंजना, श्री प्रताप सिंह खाचरियावास एवं श्री सालेह मोहम्मद को केबिनेट मंत्री के पद की शपथ दिलाई।

इसके बाद राज्यपाल ने श्री गोविन्दसिंह डोटासरा, श्रीमती ममता भूपेश, श्री अर्जुन बामनिया, श्री भंवरसिंह भाटी, श्री सुखराम विश्नोई, श्री अशोक चांदना, श्री टीकाराम जूली, श्री भजनलाल जाटव, श्री राजेन्द्र सिंह यादव एवं श्री सुभाष गर्ग को राज्य मंत्री के पद की शपथ दिलाई।

राज्य मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों ने हिन्दी भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ के पश्चात राज्यपाल श्री कल्याण सिंह, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट और उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान वहां मौजूद जनसमूह ने तालियों के साथ मनोनीत मंत्रीगण का स्वागत किया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायकों सहित प्रशासनिक, पुलिस एवं न्यायिक सेवा के अधिकारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिक भी मौजूद थे।

## बालीनाथ जी महराज बैरवा... ( पृष्ठ 1 का शेष )

अभाप्र बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके बैरवा, तहसील अध्यक्ष बेदराज भटेरी, हीरालाल बैरवा आदि ने संबोधित भी किया। शोभायात्रा में तुलसीराम आर्य, बुद्धाराम बैरवा, राममोहन, सीताराम, रामजीलाल, कल्याण सहाय, फूलचंद, संजय गुमलाडू, राधेश्याम धवन, किशनलाल आदि मौजूद रहे।

## पहली बार उपमुख्यमंत्री... ( पृष्ठ 1 का शेष )

परिवर्तन करे। भाजपा ने वोटो का ध्रवीकरण करने के लिए अल,बली में लोगों को बांटने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने एक साथ तीनों राज्यों में भाजपा को सत्ता से बाहर कर करारा जवाब दिया है।

## हैल्थ टिप्स

- सनबर्न यानि सूर्य की तपन से यदि त्वचा झुलस जायें या काली पड़ जायें तो हल्दी पाउडर में बादाम का चूर्ण तथा दही मिलाकर प्रभावित भाग पर लगायें।
- असावधानीवश शरीर का कोई अंग जल लाये या झुलस जायें तो हल्दी पाउडर को पानी में घोलकर लगा देने से आराम मिलता है।
- अजवाइन में थोड़ा सा गन्ने का सिरका मिलाकर सेवन करने से स्त्रीयों को प्रदर रोग से मुक्ति मिलती है। यह औषधी कम से कम 15 दिन तक अवश्य लेनी चाहिए।
- थोड़ी सी नीम की पत्तियों को 1 गिलास पानी में उबाल लें। इसें तब तक पकायें जब तक यह आधा न रह जायें। इस मिश्रण को ठंडा करके रख लें। रोज सुबह इससे चेहरा धोने से मुंहासे नहीं होते।
- पिसे आलू में गुलाब जल व चन्दन का चूरा मिलाकर लगाने से चेहरे पर रौनक आती है।
- चुकन्दर के पेस्ट को चेहरे पर लगाने से सनबर्न में राहत पहुंचती है।
- पायरिया, खून की खराबी, हिचकियां, पित्तवृद्धि आदि बीमारियों में ईलायची का उपयोग अत्यधिक लाभदायक होता है।
- चेहरे के दाग धब्बे दूर करने के लिए रीठे छिलके को पानी में पीसकर चेहरे पर मलें।

# सर्दियों में सेहतमंद त्वचा के लिए अपनाएं ये आसान टिप्स

**इस मौसम में त्वचा के साथ लापरवाही ठीक नहीं**

इन दिनों शुष्क हवा सबसे पहले त्वचा की नमी को नष्ट करती है। इससे त्वचा में खिंचाव और रूखापन पैदा हो जाता है। इसका असर आपके चेहरे पर ही नहीं, शरीर के अन्य हिस्सों पर भी होता है। इस मौसम में इस बात का खास ध्यान रखें कि आप अपनी त्वचा के प्रति लापरवाह न हो जाएं। सर्दियों में भी त्वचा को सेहतमंद बनाने के लिए क्लीनिंग आदि जरूरी है। कैसे करें सर्दियों में त्वचा की सेहत की देखभाल, क्या-क्या बरतें सावधानी-

**त्वचा की आम समस्या**

वीएलसीसी (इंडिया एंड ओवरसीज) के डर्मेटोलॉजिस्ट व लेजर हेड ट्रांसप्लांट एंड मेडिकल सर्विसेज विभाग के प्रमुख डॉ. दंतदरजीर्त सह तुल्ला कहते हैं कि आज के तनाव भरे वातावरण में चमकता चेहरा पाना थोड़ा मुश्किल सा लगता है। सर्दियों में त्वचा का रूखा होना और फिर उस रूखी त्वचा में खुजली होना बहुत आम समस्या है। शुष्क हवा अकसर त्वचा की नमी सोख लेती है, जिस कारण त्वचा का फटना और जलन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सर्दियों में स्केंलग, त्वचा पर पपड़ी बनकर निकलना और खुजली जैसी समस्याओं से बचने के लिए अपनी त्वचा का विशेष ध्यान रखें। माइल्ड साबुन और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल कर आप शुष्कता से काफी हद तक दूर रह सकते हैं। जिन लोगों की त्वचा बेहद संवेदनशील होती है, उन्हें ऐसा मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें खुशबू ना हो।

**बचें सूर्य की किरणों से**

इस मौसम में धूप बड़ी अच्छी लगती है। पर याद रहे, इस मौसम में भी त्वचा के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणें ही हैं। इससे बचने के लिए धूप में ज्यादा देर न बैठें। वैसे भी त्वचा की दृष्टि से सनर्बांथग करना गलत है। कैंसर के खतरे के साथ ही ये अल्ट्रावायलेट किरणें आपकी त्वचा की कोशिकाओं और रुधिर वाहिनियों को कमजोर बनाती हैं। जहां तक विटामिन डी की पूर्ति के लिए धूप सेंकने की बात है तो यह काम सुबह के समय ही करें। सुबह की धूप सेंकने के बाद धूप में जब भी जाएं, सनस्क्रीन लोशन या क्रीम लगाकर जाएं। ध्यान रखें कि इसके लिए मॉइस्चराइजर एसपीएफ 30 वाला ही हो।

**गुनगुने पानी से नहाएं**

सर्दियों में गर्म पानी का इस्तेमाल करने से त्वचा रूखी हो जाती है। इससे



बचने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें, जिससे त्वचा से आवश्यक प्राकृतिक तेल न निकले। सर्दियों में साबुन का प्रयोग कम से कम करें। त्वचा अगर रूखी है तो स्क्रब करना भी बंद कर दें, क्योंकि इससे त्वचा पर मौजूद पोर तो खुल जाएंगे, लेकिन त्वचा और भी रूखी हो जाएगी। स्क्रब तभी करें, जब त्वचा तैलीय हो, ताकि इससे त्वचा का तेल कम हो सके।

**मॉइस्चराइज**

नहाने या चेहरे को धोने के तुरंत बाद मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। इससे त्वचा रूखी नहीं होगी। दिन के समर्य जक ऑक्साइड मॉइस्चराइजर लगाएं, जो एसपीएफ 30 हो। साथ ही रात के लिए विटामिन ए और दिन के लिए विटामिन सी और ई युक्त मॉइस्चराइजर वाली क्रीम फायदेमंद होती है। वॉटर बेस क्रीम और मॉइस्चराइजर लगाएं। प्राकृतिक मॉइस्चराइजर का उपयोग करें, जो आपकी त्वचा को रूखी होने से बचाने के साथ-साथ इसे जरूरी आवश्यक तत्व भी देते हैं। ग्लिसरीन और गुलाब जल मिलाकर चेहरे, नाक और होठों की मसाज करने से फायदा होता है। इसका प्रयोग रात में सोने से पहले कुहनी, एड़ियों, हाथों तथा तलवों पर करें। इससे आपकी त्वचा स्वस्थ रहेगी और उसमें नमी भी बनी रहेगी, जो उसे त्वचा से संबंधित बीमारियों से दूर रखेगी।

**त्वचा के लिए खाएं**

इस मौसम में आपके खाने की क्वॉलिटी भी आपकी त्वचा की क्वॉलिटी पर निर्भर करती है। इस मौसम में फ्राइड और मीठी चीजें खाना अच्छा लगता है, लेकिन अगर आप फिट रहना चाहते हैं तो रोस्टेड चीजें ज्यादा खाएं। फिश, सूप और ड्राई फ्रूट्स लें। मौसमी सब्जियां, टमाटर, पालक, लहसुन, संतरा और पपीता सेहत के साथ त्वचा के लिए भी लाभकारी होते हैं। टमाटर में केरोटीन तत्व होता है, जो रक्त को साफ करता है, वहीं पालक कैल्शियम देने के साथ हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाता है। ग्रीन टी, लेमन जूस और शहद अच्छा विकल्प हैं। रोजमर्रा के डेयरी प्रोडक्ट्स पर ज्यादा ध्यान दें। साथ ही अंजीर, किशमिश, ड्राई फ्रूट्स और पर्याप्त मात्रा में हरी सब्जियों को शामिल करें।

**खूब सारा पानी पिएं**

सर्दियों में पसीना नहीं आता है तथा हवा में भी मॉइस्चर होता है, जिस कारण प्यास कम लगती है। ठंड होने के कारण हम सब गर्म चाय, कॉफी या फिर कोई और गर्र्म ड्रिंक लेना पसंद करते हैं। लेकिन ऐसा करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे त्वचा में ड्राईनेस आ जाती है। पानी शरीर के साथ-साथ चेहरे की त्वचा को भी हाइड्रेट रखता है। पानी पीने से शरीर और त्वचा से हानिकारक टॉक्सिन और तेल पसीने के साथ बाहर निकल जाता है और आपकी त्वचा स्वस्थ रहती है। दिन भर में कम से कम 10 गिलास पानी पिएं। हल्के गर्म पानी में नीबू की कुछ बूंदें डालकर लेने से भी शरीर में डीहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती।

**गर्म तेल की मसाज**

सर्दियों में त्वचा की देखभाल करने का आदर्श तरीका है शरीर को गर्म तेल की मसाज देना। सर्दियों में त्वचा को मॉइस्चराइज रखने के लिए मसाज लें। आप खुशबूदार माहौल और कैंडल्स के साथ आयुर्वेदिक तेल, तिल के तेल, बादाम के तेल या सरसों के तेल से मसाज के जरिए तनाव भगा सकते हैं। इस मौसम में हर दो-तीन दिन में चेहरे की मसाज जरूरी है, ताकि मांसपेशियों में रक्त संचार ठीक रहे।

**बच्चों और बुजुर्गों की त्वचा होती है खास, रखें ध्यान**

आर्मी से रिटायर्ड शिशु रोग विशषज्ञ डॉ. पी. कें. सह कहते हैं कि बच्चों की त्वचा कोमल होती है और बुजुर्गों की त्वचा में अलग तरह की कमी होती है, इसलिए उसकी विशेष देखभाल की भी जरूरत होती है। सर्दियों में त्वचा की देखभाल का मतलब सिर्फ चेहरे की त्वचा की देखभाल करना ही नहीं, बल्कि इसका अर्थ पूरे शरीर की त्वचा की सुरक्षा करना है। बच्चों को सॉफ्ट सोप से नहलाना चाहिए। नहलाने से पहले तेल मालिश करने से उनकी त्वचा नर्म और साफ रहती है। त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए हल्का मॉइस्चराइजर उपयोग कर सकते हैं। बच्चों की त्वचा की सफाई के लिए क्लींजग और मॉइस्चराईजग बहुत जरूरी है। उनके लिए इस्तेमाल होने वाले साबुन, शैंपू, लोशन आदि का चुनाव करते समय ध्यान रखें कि प्रोडक्ट्स सौम्य हों और खासतौर पर उन्हीं के लिए बने हों। बुजुर्गों के लिए भी तेल और साबुन का चयन उनकी त्वचा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए करें।

# बैरवा दिवस पर वस्त्र वितरण किये



**जयपुर।** बैरवा युवा विचार मंच द्वारा महर्षि बालीनाथ महाराज जयंती और बैरवा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मंच अध्यक्ष नरसी कुमार बैरवा ने बताया कि इस मौके पर गायत्री शिक्षा मंदिर झालानी गांव में 350 बुजुर्गों को सम्मानित किया गया।

इसके बाद मंच सदस्यों ने स्टेशन, बिरला मंदिर, टोंक रोड पर जरुरतमंदों को कंबल बांटे।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि समाज को आगे ले जाना है तो व्यसनों से दूर रहना होगा। शिक्षा के साथ आगे बढ़ना होगा। शिक्षा के दीए से समाज का भविष्य प्रकाशित होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण बैरवा, आर.एन. कुवाल, ओमप्रकाश बैरवा, हीरालाल शास्त्री, महेंद्र बैरवा, रामनारायण मीणा, रवि कुंडारा उपस्थित थे।

## श्री बाबा समाचार पत्र के विशिष्ट सदस्य बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



श्री एन.के. वर्मा
इंजि. उ.-प. रेलवे अजमेर



श्री रामनिवास सिंह
प्रबंधक पीएनबी (से.नि.)



श्री प्रकाश चन्द एडवोकेट
बरकत नगर, जयपुर



श्री रमेश टाटीवाल
सचिवालय विहार, जयपुर






उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु का वनस्थाली विद्यापीठ निवाई में आगमन पर आर.एस. बैरवा एस.ई. पी.डब्ल्यू.डी. टोंक द्वारा स्वागत करते।

# देश परिवर्तन चाहता है, इसकी शुरुआत राजस्थान से हो चुकी है: सचिन पायलट

जयपुर। उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस की सरकार बनाकर जो विश्वास किया है उस पर खरा उतरेंगे। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आशा पूरी करने का प्रयास करेंगे। देश परिवर्तन चाहता है। इसकी शुरूआत राजस्थान से हो चुकी है।

पायलट ने कहा कि सरकार दलगत राजनीति से उपर उठकर काम करेगी। अब विकास का चक्र चलेगा प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए जो भी संभव होगा वो बेहतर से बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश की सात करोड जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि जो विश्वास उन्होंने हमारी सरकार में व्यक्त किया हैं उन उम्मीदों को आने वाले पांच सालों में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा और मान-सम्मान भी मिलेगा।



# प्रशान्त बैरवा के विधायक चुने जाने पर भव्य स्वागत



**निवाई।** बैरवा समाज के लाडले, जुझारु, युवा दिलों की धड़कन, सर्वसमाज के चेहते एवं प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के संरक्षक श्री प्रशान्त बैरवा को निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र से विजयी होने पर प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के समस्त पदाधिकारी, संस्था अध्यक्ष महेश धावनिया के नेतृत्व में मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत कर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए।

# गहलोत के पास गृह-वित्त समेत 9 विभाग, पायलट बने पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण विकास मंत्री

**जयपुर।** राजस्थान में कैबिनेट के शपथ ग्रहण के तीन दिन बाद बुधवार 27 दिसम्बर, 2018 को दिल्ली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट समेत 25 मंत्रियों को विभाग बांटे जाने की सूची जारी हुई। तीनों प्रमुख विभाग गृह, वित्त और कार्मिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने पास ही रखे हैं। पायलट को पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

**अशोक गहलोत** - कुल 9 विभाग: गृह, वित्त, कार्मिक, आबकारी, आयोजना, नीति आयोजना, सामान्य प्रशासन, राजस्थान राज्य अन्वेषण ब्यूरो व सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग।

**सचिन पायलट** - कुल 5 विभाग: पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और सांख्यिकी विभाग।

**केबिनेट मंत्री को किये गये विभाग आवंटन-बीडी कल्ला** - कुल 4 विभाग: ऊर्जा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, भूजल, कला-साहित्य-संस्कृति और पुरातत्व। **प्रतापसिंह खाचरियावास** - कुल 2 विभाग: परिवहन और सैनिक कल्याण विभाग। **शांति धारीवाल** - कुल 3 विभाग: स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन, विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय। **रघु शर्मा** - कुल 4 विभाग: चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा, ईएसआई, सूचना एवं जनसंपर्क। **परसादी लाल मीणा**- उद्योग एवं राजकीय उपक्रम। **मास्टर भंवरलाल** - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, आपदा प्रबंधन। **लालचंद कटारिया** - कृषि, पशुपालन और मत्स्य। **प्रमोद जैन भाया** - खान एवं गोपालन। **विश्वेंद्र सिंह** - पर्यटन एवं देवस्थान विभाग। **हरीश चौधरी** - राजस्व, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्रीय विकास। **रमेश चंद मीणा** - खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग। **उदयलाल आंजना** - सहकारिता और इंदिरा गांधी नहर परियोजना। **सालेह मोहम्मद** - अल्पसंख्यक, वक्फ एवं जनअभियोग एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग। **अशोक चांदना** - युवा मामले एवं खेल विभाग (स्वतंत्र प्रभार), कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन विभाग, सैनिक कल्याण विभाग। **टीकाराम जूली** - श्रम विभाग (स्वतंत्र प्रभार), कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना। **भजनलाल जाटव** - गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग (स्वतंत्र प्रभार), कृषि, पशुपालन और मत्स्य विभाग। **राजेंद्र सिंह यादव** - आयोजना (जनशक्ति) विभाग (स्वतंत्र प्रभार), स्टेट मोटर गैराज विभाग (स्वतंत्र प्रभार) भाषा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और आपदा प्रबंधन एवं सहायता। **डॉ. सुभाष गर्ग** - तकनीकी शिक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृत शिक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद व भारतीय चिकित्सा, ईएसआई, सूचना एवं जनसंपर्क।



श्रीमती ममता भूपेश को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री बनने पर प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के ओर से श्री महेश धावनिया, महेन्द्र कुमार बैरवा व कविराज श्री रामलाल बैरवा द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए।

निराकरण।

**राज्यमंत्री को किये गये विभाग आवंटन-गोविंद सिंह डोटासरा** - शिक्षा विभाग (प्राथमिक एवं माध्यमिक) (स्वतंत्र प्रभार), पर्यटन और देवस्थान। **ममता भूपेश** - महिला एवं बाल विकास विभाग (स्वतंत्र प्रभार), जनअभियोग निराकरण, अल्पसंख्यक मामले और वक्फ। **अर्जुन सिंह** - बामनिया जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (स्वतंत्र प्रभार), उद्योग और राजकीय उपक्रम। **भंवरसिंह भाटी** - उच्च शिक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), राजस्व, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्रीय विकास एवं जल उपयोगिता। **सुखराम विश्नोई** - वन विभाग (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य

# महर्षि बालीनाथ जयंती मनाई



अजमेर। अखिल भारतीय बैरवा महासभा तहसील मसूदा के तत्वाधान में ग्राम हनुतिया में सन्त बालिनाथ जयंती बैरवा दिवस के रुप में मनाई गई। समारोह के मुख्य अथिति प्रदेश उपाध्यक्ष रामदयाल बैरवा, विशिष्ट अथिति जिलाध्यक्ष कालू राम बैरवा, सन्त बिरमदेव महाराज, मिडिया प्रभारी रामलाल नंगवाड़ा, अध्यक्षता मिश्रीलाल मरमट ने की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामदयाल बैरवा ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए। जिलाध्यक्ष कालू राम बैरवा ने समाज के मार्गदर्शक महर्षि बालिनाथ के उपदेशों को जीवन में अपनाने की सलाह दी। सन्त बीरमदेव महाराज ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बैरवा समाज की स्थापना में योगदान पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह से समाज के 11 महापुरुषों ने अपने खुन के हस्ताक्षर करके बैरवा शब्द को पंजीकृत करवाया। इससे पूर्व समारोह में अथितियों ने सन्त बालीनाथ के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर मसूदा तहसील के अध्यक्ष मिश्रीलाल मरमट, नसीराबाद के अध्यक्ष मिश्री लाल न्यारा, पाँचू राम कुण्ड का लाम्बा, घासीराम न्यारा, कालू राम बैरवा सथाना, जीवराज शिव नगर, पूर्व सरपंच रतन लाल लोडीयाना, पूर्व सरपंच घेवर चंद बैरवा, रामदयाल जाटवा, संगठन मंत्री किशन लाल बैरवा, कोषाध्यक्ष शिवराज डबरेला, भागचन्द बैरवा शेरगढ, छगनलाल मरमट, पुखराज मरमट, राजेश मरमट दिनेश ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सेकड़ों महिला पुरुषो ने भाग लिया।

**नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**



**श्री राजेश कुमार बैरवा**
महेश नगर, जयपुर

# सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 फरवरी को

**जयपुर।** न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 फरवरी, 2019 बसंत पंचमी को होने जा रहा है ऐसे परिवार जो अपनी बेटी की शादी का खर्चा उठाने में असमर्थ हैं वह अपनी मर्जी से बेटी का रिश्ता करने के बाद निचे दिए गए हैं नंबर पर सम्पर्क करे शादी पुरा खर्चा न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से किए जायेगा व हर लाडली बेटी का नया जीवन शुरू करने के लिए संस्थान की ओर से विषेश उपहार में 50 वर्ग गज भूमि व 1 लाख रुपए मुल्य करिब का घर उपयोगी सामान उपवार स्वरूप दिया जायेगा। कार्यलय : फोर्थ फ्लोर 403 पुष्प एन्क्लेव 8 सेक्टर के सामने प्रताप नगर टोंक रोड जयपुर राजस्थान।



मो.: 8107877778

स्वामीत्व, मुद्रक, प्रकाशक, रजनी के लिए एम.बी. प्रिन्टर्स एफ-76 ए, करतारपुरा इण्ड. एरिया मोरानी वर्क्सशॉप के पास जयपुर से मुद्रित एवं सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15 ( राज. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भवनेश धावनिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा। मो.-9928260244, 9829271582 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com